तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 17.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 1 फरवरी 2024

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

## खबर संक्षेप

### शहर में मेंटनेंस जारी आज बिजली रहेगी बंद

**कांकेर।** विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता सतीश किण्डो ने बताया कि मेंटीनेंस कार्य के तहत आज प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। विभाग के जानकारी के अनुसार 132, 33 केव्ही उच्च दाब उपकेंद्र कांकेर में अति आवश्यक सुधार मेंटेनेंस वर्क कार्य किया जाएगा, जिस कारण समय अवधि गुरुवार 1 फरवरी को 132,33 केव्ही उच्च दाब उपकेंद्र ठेलकाबोंड कांकेर से निकलने वाली 33 केव्ही फीडर नगरी से संबंधित समस्त ग्राम, 33 केव्ही फीडर नरहरपुर से संबंधित समस्त ग्राम, 33 केव्ही फीडर सिंगारभाट से संबंधित समस्त ग्राम और 33 केव्ही फीडर समस्त कांकेर शहर में विद्युत सप्लाई बंद रहेगी।

### युवक की इलाज के दौरान मौत

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत बांगाबाटी निवासी 18 वर्षीय पंकज कुमार पिता सियाराम का ईलाज के दौरान जिला अस्तपाल में 30 जनवरी की रात को मौत हो गया। अस्पताल के वार्ड ब्वाँय ने पुलिस को बताया कि मृतक ने जहर सेवन कर लिया था, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया था। ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### चालक की लापरवाही से बाइक दुर्घटनाग्रस्त, दो सवार गंभीर

**कांकेर।** सिकसोड़ थानांतर्गत मटियाखार के पास 30 जनवरी की सुबह करीबन 9 बजें बाईक चालक ने अपनी वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट से बाईक चालक समेत पीछे बैठे 17 साल के लड़के को भी चोट आया है, जिसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। सिकसोड़ थाना में पुलिस को घटना की जानकारी देते हुए बांसला निवासी 17 वर्षीय डोमन नरेटी पिता श्याम सिंह नरेटी ने बताया कि अपने मामा के घर ग्राम मण्डागांव में रहता हूँ और वही खेती किसानी का काम करता हूं। मैं अपने भाई भोजेंद्र दुग्गा के साथ 30 जनवरी को मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीएस 0994 मैं बैठकर पोरोण्डी जा रहे थे। मोटर सायकल को भोजेन्द्र दुग्गा चला रहा था और मैं पीछे बैठा हुआ था। 30 जनवरी की सुबह करीबन 9 बजे हम लोग ग्राम मटियाखार पहुंचे थे, तभी भोजेन्द्र दुग्गा ने अपने मोटर सायकल को तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए ग्राम मटियाखार मेन रोड पर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे हम दोनो जमीन पर गिर गए। जमीन में गिरने से मेरे सिर, दोनो हाथ, कमर व दोनों पैर पर चोंट लगा हैं और वाहन चालक भोजेन्द्र को भी चोंट लगा हैं। चोट लगने पर हम लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# देश का दूसरा व प्रदेश का पहला डार्क स्काई पार्क बनेगा कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान



## उद्यान में पर्यटक रात में आसानी से गिन पाएंगे टिमटिमाते तारे

महेन्द्र विश्वकर्मा ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर

रात में नीले आसमान तले लेटकर तारे गिनने के शौकीन हैं, तो आइए बस्तर। यहां कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान प्रबंधन ने डार्क स्काई पार्क तैयार करने का निर्णय लिया है। दरअसल लाइट न होने के कारण रात में यहां टिमटिमाते तारों को आसमान में आसानी से देखा जा सकेगा। उद्यान के निदेशक ने बताया कि डार्क स्काई पार्क देश का दूसरा और छत्तीसगढ़ का पहला होगा। यहां तारमंडल के






नजारे के अलावा उल्लू और चमगादड़ भी घूमते दिखाई देंगे। उद्यान में वर्तमान में लगभग 7 प्रजाति के उल्लू हैं, वे डार्क स्काई पार्क में रात में आसानी से घूम सकेंगे। दोनों ही निशाचर होते हैं और यही वजह है कि रोशनी के अभाव में इनकी गतिविधियों को आसानी से पर्यटक देख पाएंगे। नेचुरल हैबिटेट में जीने के आदी इन निशाचरों के लिए भी ऐसा माहौल मुफीद रहेगा। वर्ष 1982 में स्थापित 200 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र का राष्ट्रीय उद्यान में 15 से अधिक सुंदर लाइमस्टोन की गुफाएं, तीरथगढ़, कांगेर धारा ▶▶| शेष पेज 8 पर

### उद्यान सटे गांवों का हो रहा सर्वे

कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक धम्मशील गणवीर ने बताया कि उद्यान को डार्क स्काई पार्क स्थापित करने के लिए उद्यान से सटे गांवों का सर्वे किया जा रहा है, गांव के ग्रामीणों एवं सरपंचों को जागरूक किया जा रहा है। उसके बाद राष्ट्रीय को डार्क स्काई पार्क की स्थापना के लिए सक्रिय रूप से प्रस्ताव भेजा जाएगा। प्रस्ताव स्वीकृत होने से यह उद्यान प्रदेश का पहला डार्क स्काई पार्क बनेगा।

### गांव की स्ट्रीट लाइटों को बदलेंगे

बताया जा रहा है कि प्रकाश प्रदूषण से बढ़ते वैश्विक खतरे और इस अमूल्य प्राकृतिक संसाधन के लिए इसके बड़े खतरे होते हैं। इसलिए प्रकाश प्रदूषण की चिंताओं को दूर करने और रात के आकाश की प्राचीन गुणवत्ता को संरक्षित करने के लिए, आसपास के 15 गांवों में स्ट्रीट और सामुदायिक लाइटों को बदला जाएगा।

### ईसाई धर्म छोड़ पुनः बस्तर की सांस्कृतिक व सनातन परंपरा को किया स्वीकार

# 10 परिवार के 60 सदस्यों की घर वापसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

लोहंडीगुड़ा ब्लाक के ग्राम कस्तूरपाल में बुधवार को माडिया करटामी समाज गांव के संस्कृति रूढ़ी प्रथा रीति रिवाज से 5 वर्ष से ईसाई धर्म अपनाए तीन पारा के 10 परिवार के 60 सदस्यों का आज मूल संस्कृति सनातन धर्म में घर वापसी गांव के पुजारी, पटेल, माझी, चालकी, कोटवार, सरपंच, सियान सज्जन, गांव के देवी, देवताओं को साक्षी कर बस्तर की संस्कृति सुरक्षित रहे कामना के साथ समाज के भटके लोगो को घर वापसी कराया जा रहा है। इस दौरान कार्यक्रम में बस्तर संस्कृति सुरक्षा मंच के संभाग सयोजक महेश कश्यप, सह संयोजक देवेंद्र कश्यप सदस्य कमलेश विश्वकर्मा, कमलू करटामी, ताती पोयम, नरेश करटामी एवं ग्राम वासी उपस्थित थे। ज्ञात हो कि बस्तर में लंबे समय से धर्मांतरण का खेल चल रहा है। खासकर पिछले 3-4 सालों से यह कारनामा बदस्तूर जारी है। ग्रामीण इलाकों में धर्मांतरण के विरुद्ध बस्तर संस्कृति सुरक्षा मंच, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और सनातनी संस्था के सक्रियता के चलते ग्रामीणों की शिकायत पर मामले का खुलासा होने लगा। ग्राम प्रमुख, पुजारी, पटेल, मांझी, चालाकी, कोटवार के समझाइश के बाद घर वापसी का अभियान विहिप-बजरंग दल द्वारा चालाया जा रहा है।





### हम अपनी रूढ़ीवादी परम्परा के साथ

घर वापसी करने वाले ग्रामीणों ने रूढ़िवादी परम्परा पर भरोसा जताते कहा हम दूसरे के बहकावे में आकर रास्ता भटक गए थे। हम अपनी गलती को स्वीकार करते कभी भी अपने मूल जाती और रूढ़ीवादी परम्परा को नही छोड़ेंगे।

### फेरीवाले के जरिये करते हैं घुसपैठ

ग्रामीणों के मुताबिक धर्मपरिवर्तन कराने वाले विधर्मी लोग पहले फेरीवाले बनकर गांव में रेकी करते है। रेकी में इस बात का ध्यान रखा जाता है कि गांव में सबसे गरीब परिवार कौंन है। इसकी जानकारी धर्म परिवर्तन के अनैतिक खेल खेलने वाले लोगों को इसकी जानकारी देकर ऐसे परिवार को प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन कराया जाता है।

# कंपनी को देना पड़ेगा नया टीवी और भरेगी दस हजार जुर्माना




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ जिला उपभोक्ता आयोग ने कंपनी को दिया आदेश

जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा बुधवार को एक प्रकरण में आवेदिका को एक नया टीवी प्रदान करने और 10 हजार रुपए का जुर्माना अदा किया जाने का आदेश पारित किया गया है। आदेश में आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल, सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा की संयुक्त खंठपीठ ने पारित किया।

न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर निवासी शैलजा जैन ने वीडियोकॉन के जगदलपुर स्थित अधिकृत डीलर सजावट अप्लायंस से एक स्मार्ट टीवी क्रय किया था। टीवी क्रय करने के उपरांत उसमें निरंतर तकनीकी खराबी बनी हुई थी, इसके सुधार हेतु आवेदिका द्वारा निरंतर स्थानीय विक्रेता एवं टीवी निर्माता कंपनी के सर्विस सेंटर से संपर्क किया जाता रहा, पर स्थानीय विक्रेता और सर्विस सेंटर द्वारा लंबे समय तक उसकी टीवी में तकनीकी सुधार कर उसे वापस प्रदान नहीं किया गया था। इससे क्षुब्ध होकर आवेदिका द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष शिकायत पेश की गई। इस पर सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता आयोग ने माना कि टीवी के स्थानीय विक्रेता और निर्माता कंपनी द्वारा टीवी में तकनीकी सुधार ना कर सेवा में कमी हुई व्यावसायिक कदाचरण किया गया है। इस पर स्थान विक्रेता को 5 हजार रुपए और वीडियोकॉन कंपनी 10 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया है।

# नक्सली ने किया आत्मसमर्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

लोन वर्राटू अभियान से प्रभावित होकर एक नक्सली ने आत्मसमर्पण किया। उक्त नक्सली जीआरडी सदस्य के पद पर सक्रिय था। आत्मसमर्पित माओवादी नक्सली बंद के दौरान रोड खोदना, पेड़ काटना, नक्सली बैनर, पोस्टर एवं पाम्प्लेट लगाने की घटनाओं में शामिल था।

जिले में चलाए जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान तथा छग शासन की पुनर्वास नीति के प्रचार-प्रसार एवं दन्तेवाड़ा पुलिस द्वारा चलाये जा रहे लोन वर्राटू घर वापस आईये अभियान से प्रभावित होकर नक्सलियों के अमानवीय, आधारहीन विचारधारा एवं उनके शोषण, अत्याचार तथा बाहरी नक्सलियों के द्वारा भेदभाव करने तथा स्थानीय आदिवासियों पर होने वाले हिंसा से तंग आकर मलांगेर एरिया कमेटी का प्रतिबंधित नक्सली संगठन में गोण्डेरास




पंचायत ग्राम रक्षा दल (जीआरडी) सदस्य देवा कवासी पिता हुंगा कवासी उम्र 32 वर्ष निवासी गोण्डेरास नेडीपारा थाना गादीरास जिला सुकमा ने 31 जनवरी को पुलिस उप महानिरीक्षक दन्तेवाड़ा रेंज कमलोचन कश्यप, पुलिस अधीक्षक गौरव राय, कमाण्डेण्ट 111वीं वाहिनी नीरज यादव सीआरपीएफ, द्वितीय कमाण्ड अधिकारी अश्वनी परमार 111वीं वाहिनी सीआरपीएफ, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन एवं डिप्टी कमाडेण्ट विजय शंकर सिंह 111वीं वाहिनी सीआरपीएफ के समक्ष डीआरजी कार्यालय दन्तेवाड़ा में आत्मसमर्पण किया।

# डीजीपी समेत अधिकारी पहुंचे टेकलगुड़ेम कैम्प, जवानों से हुए रूबरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ जवानों ने बताया आधा दर्जन से अधिक नक्सली मुठभेड़ में मारे गए

बुधवार को सुकमा जिले के टेकलगुड़ेम कैम्प में पहुंचकर डीजीपी व अन्य अधिकारियों ने जवानों से चर्चा कर मुठभेड़ स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान जवानों ने बताया कि जवाबी कार्रवाई में 7-8 माओवादियों के मारे जाने एवं करीबन 15-16 माओवादियों के गंभीर रूप से घायल हुए है। जानकारी के मुताबिक डीजीपी अशोक जुनेजा, एडीजी सीआरपीएफ मध्य जोन अमित कुमार, एडीजी नक्सल अभियान विवेकानंद सिन्हा, आईजी सुन्दरराज पी. व आईजी सीआरपीएफ साकेत कुमार व अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा



बुधवार को सुकमा के टेकलगुड़ेम कैम्प पहुंचकर जवानों से रूबरू हुए। कैम्प में अभियान में शामिल जवानों से बातचीत करने पर यह पता चला कि नक्सलियों के बटालियन नम्बर एक द्वारा जवानों को भारी नुकसान पहुचाने की नियत से दोपहर लगभग 12 बजे हमला किया गया जो शाम 4 बजे तक जारी रहा। जवानों की बहादुरी, सूझबूझ एवं समझदारी से करीबन 4 घंटे तक चली इस मुठभेड़ में 7-8 माओवादियों को मारे जाने एवं करीबन 15-16 माओवादियों के गंभीर रूप से घायल होने की जानकारी दी गई। मुठभेड़ में शामिल व नवीन कैम्प टेकलगुड़ेम में तैनात सभी अधिकारी व जवानों का वरिष्ठ अधिाकारियों द्वारा हौसला अफजाई किया गया।

डीजीपी अशोक जुनेजा ने बताया कि क्षेत्र की जनता को नक्सल समस्या से मुक्ति दिलाने, क्षेत्र में शांति, सुरक्षा एवं विकास हेतु बस्तर पुलिस एवं तैनात सुरक्षा बल संकल्पित है। उक्त घटना के बाद भी पुलिस एवं सुरक्षा बलों द्वारा मजबूती से टेकलगुड़ेम गांव में नवीन सुरक्षा कैम्प स्थापित कर समर्पित होकर जनहित में कार्य करेंगे। गौरतलब है कि मंगलवार को जिला सुकमा के थाना जगरगुण्डा अंतर्गत ग्राम टेकलगुड़ेम में नक्सल गतिविधियों पर अंकुश लगाने व क्षेत्र की जनता को मूलभूत सुविधाओं से लाभान्वित करने नवीन सुरक्षा कैम्प स्थापित किया गया। नवीन कैम्प टेकलगुड़ेम स्थापना के बाद जोनागुड़ा-अलीगुड़ा क्षेत्र में संयुक्त पुलिस बल जिसमें कोबरा, एसटीएफ, डीआरजी द्वारा सर्चिंग की जा रही थी तभी माओवादियों द्वारा पुलिस पार्टी पर फायरिंग की गई। पुलिस पार्टी द्वारा भी माओवादी की फायरिंग का मुंहतोड़ जवाब देते हुये जवाबी कार्यवाही किया गया, जिससे सुरक्षा बलों के बढ़ते दबाव को देखकर माओवादी जंगल च पहाड़ का आड़ लेकर भागने में सफल रहे।

### बोर्ड की तर्ज पर 10वीं-12वीं की दो से प्री बोर्ड परीक्षा होगी

**कांकेर।** जिले में 02 फरवरी से समस्त शासकीय हाई एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों में प्री बोर्ड परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है, इसके सुपरवीजन के लिए बीईओ, एबीईओ व बीआरसीसी को टीम गठित कर मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला स्तरीय नोडल अधिकारी एवं मॉनिटरिंग टीम नियमित रूप से परीक्षा अवधि में निरीक्षण पर रहेंगे। छमाही परीक्षा में मेरिट के लिए चिन्हांकित छात्र-छात्राओं का मोटिवेशनल कार्यक्रम का आयोजन भी विकासखंडवार करने का निर्णय लिया गया है, जिसमें जिले के अधिकारी एवं कर्मचारियों को आमंत्रित कर बच्चों को मार्गदर्शन दिया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी भुवन जैन ने बताया कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्री बोर्ड परीक्षा में उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन का दायित्व अन्य संस्था को सौंपा गया है, ताकि अच्छे से मूल्यांकन संभव हो एवं बच्चों के उत्तर पुस्तिका में मूल्यांकनकर्ता द्वारा और कैसे अच्छे अंक प्राप्त कर सकते हैं अपने टीप अंकित करने के लिए निर्देशित किया गया है।

### पोर्टल में मिलेगी खसरे और बाजार मूल्य की जानकारी

# एनजीडीआरएस प्रणाली लागू, घर पर रजिस्ट्री के लिए आवेदन की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जमीन और मकान की रजिस्ट्री कराने के लिए आवेदन देने भू-स्वामियों को अब पंजीयक कार्यालय की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी, बल्कि घर बैठे ही अब आवेदन कर सकेंगे। यही नहीं एनजीडीआरएस प्रणाली के लांच होने से भू- स्वामियों को पोर्टल में नक्शे, खसरे और संपत्ति के बाजार मूल्य की भी जानकारी मिल जाएगी। नई प्रणाली से रजिस्ट्री शुरू होने से भू-स्वामियों का समय काफी बच जाएगा।

उल्लेखनीय है कि राज्य शासन ने जमीन और मकानों की रजिस्ट्री के लिए अब केंद्र सरकार के एनजीडीआरएस प्रणाली को कांकेर जिले में 23 जनवरी से लागू कर दिया गया है। इस प्रणाली के तहत जमीन की रजिस्ट्री में अब भू-स्वामियों को पंजीयक कार्यालय में आवेदन और घंटों इंतजार करने से न केवल छुटकारा मिलेगा, बल्कि फर्जी रजिस्ट्री के प्रकरणों में भी कमी आ जाएगी। एनजीडीआरएस प्रणाली के तहत भू-स्वामियों को रजिस्ट्री के लिए आवेदन करना आसान हो जाएगा। भू-स्वामी अपने घर से ही मनमुताबिक समय लेकर रजिस्ट्री दफ्तर में पहुंच सकते हैं। बताया जाता है कि इस पोर्टल में एक घंटे में दस स्लाईड दिए गए हैं। इन स्लाईड में रजिस्ट्री का समय दिया गया है। केंद्र सरकार की एनजीडीआरएस प्रणाली के तहत कांकेर जिले में 23 जनवरी से रजिस्ट्री शुरू हो गई है। नए साफ्टवेयर को लेकर यहां पदस्थ अधिकारियों और कर्मियों को बकायदा प्रशिक्षण भी दिया गया है।

#### खास बातें

- पंजीयक कार्यालय में आवेदन और घंटों इंतजार से छुटकारा मिलेगा
- नए साफ्टवेयर का अधिकारी और कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया
- दो गवाहों की फोटो और हस्ताक्षर के बाद पंजीयन शुल्क की रसीद जनरेट की जाएगी




#### 25 मिनट में होगी रजिस्ट्री

एनजीडीआरएस प्रणाली के तहत भू-स्वामियों द्वारा अपाईमेंट लेने के बाद तय समय से दस मिनट पहले पंजीयन कार्यालय पहुंचना होगा। इसके बाद पक्षकारों का बायोमैट्रिक सिस्टम से फोटोग्राफ्स एवं फिंगर प्रिंट लिया जाएगा। दो गवाहों की फोटो और हस्ताक्षर के बाद पंजीयन शुल्क की रसीद जनरेट की जाएगी। इसके बाद रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र जनरेट किया जाएगा और फाईनल स्कीनिंग कर अपलोड कर दिया जाएगा, जिससे रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी।

#### सिटीजन पोर्टल में रहेगी जानकारी

नई प्रणाली में सिटीजन पोर्टल में सभी जानकारी उपलब्ध रहेगी। इसमे पक्षकारों को स्टांप ड्यूटी, बाजार मूल्य, पंजीयन शुल्क, बी-वन, नक्शा खसरा आदि सभी जानकारी उपलब्ध हो जाएगी। आवेदन के बाद उन्हें दस्तावेज लेखकों से रजिस्ट्री टाईप करवाकर उसे कार्यालय में जमा करना होगा।

#### नई प्रणाली से अब रजिस्ट्री

जिला पंजीयक सोनाली बोरडे ने बताया कि एनजीडीआरएस प्रणाली से जिले में रजिस्ट्री शुरू हो गई है। इस नई प्रणाली से भू-स्वामियों को काफी सुविधाएं मिल जाएगी। रजिस्ट्री के लिए आवेदन घर से ही कर सकेंगे और पोर्टल में खसरे व बाजार मूल्य की जानकारी भी मिल जाएगी।

## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124

## खबर संक्षेप

### शहीद दिवस पर रखा दो मिनट का मौन

**धमतरी।** भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में कलेक्टर नम्रता गांधी सहित अधिकारी, कर्मचारियों ने सुबह 11 बजे दो मिनट का मौन धारण किया। गौरतलब है कि यह दिवस महात्मा गांधी का निर्वाण दिवस है। इसे जिले में शहीद दिवस के तौर पर मनाया गया।

### भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के पितृशोक कार्यक्रम में शामिल हुए साहू समाज के प्रदेश महामंत्री

**धमतरी।** भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरणदेव के पिता का बीते दिनों स्वर्गवास हो गया। तेरहवीं कार्यक्रम में प्रदेशभर के दिग्गज एवं एवं भाजपा- कांग्रेस से जुड़े हुए सैकड़ों लोग उपस्थित हुए। साहू समाज की ओर से प्रदेश महामंत्री दयाराम साहू शामिल हुए और स्व. श्री देव को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके आम जनता के प्रति सेवाभावी कार्यों को स्मरण किया। श्री साहू के साथ भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष कमलेश ठोकने एवं साहू समाज के प्रदेश मीडिया प्रभारी हिरेंद्र साहू भी उपस्थित थे।

### बालसंस्कार शाला के बच्चों ने किया हनुमान चालीसा का पाठ

**धमतरी।** गायत्री परिवार मुजगहन द्वारा धूनादास मंदिर प्रांगण स्थित गायत्री मंदिर में बाल संस्कार शाला का संचालन किया जा रहा है। वर्तमान में 25 छात्र छात्राएं अध्ययनरत हैं। संस्कार शाला के आचार्य ओमप्रकाश नाग ने बताया कि यहां आध्यात्मिक क्रियाकलाप के अंतर्गत ध्यान साधना, प्रार्थना, भक्ति गीत, शारीरिक शिक्षा अंतर्गत योग, मनोरंजक खेलकूद के साथ गीत संगीत, नैतिक शिक्षा का भी अभ्यास कराकर उनका सर्वांगीण विकास किया जाता है। मानस मंच में बच्चों को हनुमान चालीसा का पाठ करने का अवसर प्रदान किया गया। बच्चों ने सस्वर पाठ का प्रदर्शन कर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। मौके पर समिति के पदाधिकारी होमेश्वर साहू, नारायण सेन, भूपेन्द्र सिन्हा, ठुमेश्वर सिन्हा, शेखरपुरी गोस्वामी, ईश्वर सेन, लखनलाल साहू सहित गायत्री परिवार मुजगहन के संरक्षक धन्वंतरि नाग, जिला समन्वयक दिलीप नाग, इकाई प्रमुख राधेश्याम साहू, अध्यक्ष भागवत सिन्हा, आचार्य ओमप्रकाश नाग सहित अन्य मौजूद थे।

### वार्षिकोत्सव पर कविता, नाटक प्रहसन की हुई प्रस्तुति

**धमतरी।** ज्ञान अमृत विद्यालय सिंगपुर में वार्षिकोत्सव का कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती कृष्णा बाई गंगासागर जनपद सदस्य मगरलोड व विशिष्ट अतिथि हेमलाल साहू पूर्व नोडल अधिकारी, गोविंद सिंह नेताम नोडल अधिकारी, जितेंद्र कुमार ग्वाल संकुल समन्वयक थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उमेन्द्र कुमार सिन्हा अध्यक्ष विद्यालय प्रबंधन समिति सिंगपुर ने की। अतिथियों ने कक्षा स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर छात्रों द्वारा गीत, कविता, नाटक, प्रहसन, छत्तीसगढ़ी नृत्य, बस्तरिहा नृत्य, करमा, सुआ नृत्य के साथ देशभक्ति नृत्य की प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि कृष्णा बाई ने कहा कि बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं है।

लोकसभा चुनाव को देखते हुए आपसी समन्वय द्वारा सीमा पर निगरानी के लिए हुई चर्चा

# कलेक्टर एवं एसपी ने ली ओडिशा एवं अन्य सीमावर्ती जिलों की समन्वय बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव






कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत एवं पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार ने बुधवार को ओडिसा राज्य के सीमावर्ती जिले नवरंगपुर तथा अन्य सीमावर्ती जिलों कांकेर, नारायणपुर, बस्तर से लोकसभा निर्वाचन-2024 की तैयारियों के संबंध में सुरक्षा समन्वय के लिए जिला कार्यलय से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक का आयोजन किया गया।

इस बैठक में सभी जिलों के अधिकारियों से लोकसभा निर्वाचन के दौरान सीमा पर गतिविधियों के संबंध में कार्यवाही हेतु चर्चा की गयी। इस बैठक में कलेक्टर द्वारा सभी जिलों को अपनी सीमाओं पर चौक पोस्ट स्थापित कर निर्वाचन को प्रभावित करने वाली सामाग्रियों के परिवहन पर प्रतिबंध लगाने के लिए सूचनाओं के आदान-प्रदान सहित अन्य आवश्यक समन्वय व्यवस्थाओं के लिये चर्चा की। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि वर्तमान में धान के अवैध परिवहन को रोकने अंतर्राज्यीय एवं अंतरजिला सीमाओं पर चेक पोस्ट स्थापित किये गये है। जिन्हें लोकसभा निर्वाचन के दौरान यथावत रखते हुए । उनमें टीमों की संख्या बढकर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जायेगा। नवरंगपुर के कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा सीमा पर पूर्ण सहयोग एवं अवैध सामाग्रियों के परिवहन पर पूर्ण नियंत्रण कर कार्यवाही का आश्वासन दिया गया। सभी जिलों के अधिकारियों के साथ हिस्ट्रीशीटर, जिला बदर एवं आदतन बदमाशों की सूची एवं सूचनाएं साझा करने के साथ उन पर प्रभावी नियंत्रण पर भी चर्चा की गयी। इसके अतिरिक्त सभी ने नियमित रूप से बैठकों के माध्यम से लोकसभा निर्वाचनों तक समन्वय स्थापित कर कार्य करने पर सहमति व्यक्त करते हुए समन्वय के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करने पर भी चर्चा की। इस अवसर पर एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डीआर पोर्ते, उप जिला निर्वाचन अधिकरी सीमा ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर मनोज केसरिया सहित अन्य अधिकरी उपस्थित रहे।

## कनिष्ठ लेखा अधिकारी एवं भृत्य को सेवानिवृति पर दी गई भावभीनी विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

आदिवासी विकास शाखा के सहायक आयुक्त कार्यालय में कार्यरत कनिष्ठ लेखा अधिकारी बीएम रथ एवं भृत्य मुरली प्रधान के लिए बुधवार को आदिवासी विकास शाखा सहायक आयुक्त कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सहायक आयुक्त बद्रीश सुखदेवे के द्वारा दोनों के उज्जवल भविष्य एवं स्वस्थ्य जीवन की कामना करते हुए शाल एवं श्रीफल द्वारा उनका सम्मान किया गया। सभी ने दोनों के स्वस्थ्य जीवन की कामना करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर देवेन्द्र कुमार बघेल, रूखमणी उईके, यशवंत सिंह, एलडी साहनी, एलएन सोनवानी, नरेश पाण्डे, ज्ञानेश देवांगन, सम्मुख राव, अमीर शोरी, महेन्द्र दिवान, भारती पाण्डे, तरूण नेताम, भुपेन्द्र पाणिग्रही, सगरू पटेल, पन्ना पाण्डे सहित कार्यालय के सहयोगी कर्मचारी उपस्थित रहे।



## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा उपजेल नारायणपुर का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

आज छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के मार्गदर्शन में अम्बा शाह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव एवं सुरेन्द्र भट्ट प्रतिधारक अधिवक्ता प्रबंध कार्यालय कोण्डागांवए चन्द्रपकाश कश्यप प्रबंध कार्यालय नारायणपुर के द्वारा उपजेल नारायणपुर का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सचिव के द्वारा उप जेल में किशोरता की पहचान तथा विधिक सहायता प्रदान करने के लिए अखिल भारतीय अभियान 2024 के संबंध एवं मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जेल में बंद ऐसे व्यक्तियों की पहचान किया गया जो अपराध के समय संभावित रूप से नाबालिग थे और उन्होंने सहायक दस्तावेजों के साथ किशोरता के दावे के लिए आवश्यक आवेदन दाखिल सहायता प्रदान करने के लिए उन व्यक्तियों का चिन्हांकित किया गया। इस अवसर पर उप जेल अधीक्षक नारायणपुर संजय नायक तथा पैरालीगल वालिंटियर्स सुनील कुमार मरकाम घांसीराम नेतामए पारेश्वर देवांगनए विवेक कश्यप उपस्थिति रहे।



### आयल पाम की खेती के लिए कोसागांव का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने बुधवार को फरसगांव विकासखण्ड के कोसागांव में ऑईल पाम की खेती का अवलोकन किया और किसानों से बातचीत की। उन्होंने इस दौरान किसानों को ऑईल पॉम के साथ ही अन्य अंतरवर्ती फसल लेने के लिए प्रेरित किया। बातचीत के दौरान किसानों ने बताया कि यहां 2.4 हेक्टयेर क्षेत्रफल में ऑइल पॉम के पौधे लगाए गए हैं तथा प्रति एकड़ 20 हजार रुपए का अनुदान शासन द्वारा प्रदान किया जा रहा है।

## कलेक्टर ने किया लंजोड़ा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण





हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने बुधवार को फरसगांव ब्लाक के ग्राम लंजोड़ा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां टीका भण्डारण कक्ष का निरीक्षण करते हुए टीकों के उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने यहां ओपीडी संचालन के समय की जानकारी लेते हुए ओपीडी पर्ची ऑनलाइन ही जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस दौरान दवा भण्डारण कक्ष का अवलोकन किया और दवाईयों की जानकारी ऑनलाइन रखने के निर्देश दिए। उन्होंने यहां संचालित माईनर ऑपरेशन थियेटर का निरीक्षण करते हुए इसे व्यवस्थित करने के निर्देश भी दिए। इसके साथ ही उन्होंने खिड़की दरवाजों की मरम्मत के लिए प्रस्ताव रखने के निर्देश भी दिए। इस दौरान उन्होंने स्थानीय सरपंच और उप सरपंच से भेंट करते हुए गांव में संचालित विकास कार्यों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने जिले में आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए चलाए जा रहे महा अभियान में अधिक से अधिक लोगों को शामिल करने हेतु प्रेरित करने का आग्रह भी किया।



## सोनाबाल स्कूल में आयोजित किया गया आनंद मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

विकासखंड कोंडागांव के उच्च प्राथमिक शाला सोनाबाल में मंगलवार को आनंद मेला का आयोजन किया गया। इस मेले में गुपचुप, चाट, बड़ा, भजिया , भेल, पास्ता, गुलाब जामुन, समोसा, मिक्चर ,बेर , साग- सब्जी व अन्य खाद्य पदार्थों के विभिन्न दुकान लगाए गए। जिसमें छात्र-छात्राओं ने आनंद मेले पर लगी दुकान पर खरीदारी एवं बिक्री करने का आनंद लिया। इस मौके पर संकुल के अंतर्गत अन्य स्कूलों से भी छात्र-छात्राएं व शिक्षक शिक्षिकाएं तथा ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## वर्तमान में प्रचलित सभी राशनकार्डों के नवीनीकरण का कार्य 29 फरवरी तक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने राशन कार्ड नवीनीकरण कार्य की समीक्षा करते हुए कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी माह में राशन लेने के लिए दुकान पहुंचने वाले सभी हितग्राहियों से आवेदन अनिवार्य रुप से प्राप्त कर लिया जाए, जिससे नवीनीकरण का कार्य शीघ्र पूर्ण की जा सके। प्रदेश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत वर्तमान में प्रचलित सभी राशनकार्डों के नवीनीकरण के लिए राज्य स्तरीय अभियान 25 जनवरी 2024 से प्रारंभ हो चुका है। इसी कड़ी में जिले के 1 लाख 47 हजार 548 राशन कार्डों का नवीनीकरण कार्य भी किया जा रहा है। राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि वर्तमान में प्रचलित सभी राशनकार्डों के नवीनीकरण का कार्य 25 जनवरी से 29 फरवरी के दौरान किया जाएगा। राशनकार्ड नवीनीकरण खाद्य विभाग द्वारा नया मोबाइल एप्प तैयार किया गया है, जिसे राशनकार्डधारी अपने मोबाइल में डाउनलोड कर इलेक्ट्रानिक आवेदन ऑनलाइन प्रस्तुत कर सकते हैं।



## कलेक्टर ने किया बोरगांव धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने बुधवार को फरसगांव ब्लाक के ग्राम बोरगांव स्थित धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान धान बेचने आए किसान सोमारु से बातचीत की। सोमारु ने इस दौरान बताया कि उन्हें वन अधिकार पत्र प्राप्त हुआ है तथा वे पहली बार धान बेचने आए हैं। कलेक्टर ने इस पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सोमारू से धान बेचने के दौरान उनके अनुभवों को जाना। श्री सोमारु ने कहा कि वे पहली बार धान बेचने आए हैं तथा यहां आसानी से खरीदी का कार्य होने से वे बहुत ही खुश हैं। कलेक्टर ने इस दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे धान का सत्यापन भलीभांति करें। इसके साथ ही धान के गुणवत्ता की भी जांच करें। इस अवसर पर अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर, अनुविभागीय दण्डाधिकारी कावेरी मरकाम, सहकारी समितियों के सहायक पंजीयक केएल उईके, खाद्य अधिकारी नवीन श्रीवास्तव, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के नोडल अधिकारी संत कुमार कन्नौजिया सहित अधिकारीगण उपस्थित थे।

कोसागांव आश्रम के अधीक्षक और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को निलंबित करने के दिए निर्देश

# कलेक्टर ने शासकीय संस्थाओं का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव



कोण्डागांव कलेक्टर कुणाल दुदावत ने बुधवार को फरसगांव विकासखण्ड में विभिन्न शासकीय संस्थानों के साथ ही विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान कोसागांव स्थित आश्रम तथा आंगनबाड़ी में पाई गई अनियमितता पर कड़ी नाराजगी जाहिर की और आश्रम के अधीक्षक तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को निलंबित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आश्रम के निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों के शैक्षणिक स्तर की जांच की। उन्होंने भोजन के मेन्यू का प्रदर्शन करने तथा मेन्यू के अनुसार ही भोजन तैयार करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने यहां खराब विद्युत उपकरण तथा बंद पड़े वाटर कूलर को तत्काल मरम्मत करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने इसके साथ ही खिड़कियों में जाली लगवाने तथा बच्चों को उपयोग हेतु मच्छरदानी प्रदान करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने यहां नए गद्दों के स्थान पर पुराने गद्दों के उपयोग करते हुए पाए जाने पर नाराजगी जाहिर की। इसके साथ ही बच्चों के उपयोग के लिए प्रदान किए गए खेल सामग्री का वितरण करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने यहां कमरों का उपयोग समुचित ढंग से न किए जाने पर भी कड़ी नाराजगी जताई। कलेक्टर ने यहां जर्जर प्राथमिक शाला भवन की मरम्मत के लिए प्रस्ताव रखने के निर्देश दिए। यहां आंगनबाड़ी केन्द्र में निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियों की अनुपस्थिति पर नाराजगी जाहिर करते हुए कार्यकर्ता को निलंबित करने के निर्देश दिए।

### कंप्यूटर प्रयोगशाला का होगा उन्नयन

कलेक्टर ने इसके साथ ही बोरगांव स्थित कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का निरीक्षण भी किया। उन्होंने यहां बंद पड़े आरओ प्यूरीफायर मशीन की तत्काल मरम्मत करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने यहां कंप्यूटर प्रयोगशाला के उन्नयन के निर्देश दिए। उन्होंने इसके साथ ही यहां निर्माणाधीन अतिरिक्त कक्षों का निरीक्षण किया और कार्य की गति बढ़ाते हुए मार्च तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस दौरान यहां रसोईघर का निरीक्षण करते हुए बच्चों के लिए बनाए जा रहे भोजन की जानकारी ली। उन्होंने भोजन की मेन्यू का प्रदर्शन किए जाने के निर्देश भी इस अवसर पर दिए।

## कपिलकांत नाग बने कोंडागांव युवा कांग्रेस कार्यकारी जिलाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर छत्तीसगढ युवा कांग्रेस अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करना शुरू कर दिया है। हाल ही में युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा ने एक नियुक्ति आदेश जारी करते हुए केशकाल के कपिल कांत नाग को कोण्डागांव युवा कांग्रेस कार्यकारी जिला अध्यक्ष के रूप में काम करने की जिम्मेदारी सौंपी है। कपिल कांत नाग कोंडागांव जिले के धनोरा क्षेत्र से आते है।

पेज 7 का शेष

### देश का दूसरा ....

जलप्रपात, दुर्लभ वन्य जीव वन्यजीव जैसे उदबिलाव, माउस डियर, जॉइंट स्क्विरल, लेथिस सॉफ्टशेल टर्टल, जंगली भेड़िया के साथ-साथ 200 से अधिक पक्षियों की प्रजातियां, वनस्पतियों की 900 अधिक प्रजातियों और तितलियों की 140 से अधिक प्रजातियों के ख्याति प्राप्त है। उद्यान के समीप धुड़मारास में ईको-विकास समिति ने कायाकिंग की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### खाद्य निरीक्षक का हुआ कार्य विभाजन

**दंतेवाड़ा।** खाद्य निरीक्षक का जिला दंतेवाड़ा से जिला बेमेतरा में स्थानांतरण होने तथा उन्हें स्थानांतरित जिला हेतु भारमुक्त किये जाने के कारण पूर्व में जारी कार्यालयीन आदेश को संशोधित करते हुए जिले में पदस्थ सहायक खाद्य अधिकारी एवं खाद्य निरीक्षकों का कार्य विभाजन कर उन्हें निम्न विकासखण्ड आबंटित किया जाता है। जिसमें सहायक खाद्य अधिकारी योगेश कुमार मिश्रा नगरीय निकाय दंतेवाड़ा, प्रमोद कुमार सोनवानी खाद्य निरीक्षक नगरीय कुआकोण्डा नगरीय निकाय किरंदुल तथा सचिन कुमार खाद्य निरीक्षक कटेकल्याण तहसील बचेली के अंतर्गत दंतेवाड़ा ग्रामीण एवं नगरीय निकाय बचेली का सहायक खाद्य अधिकारी एवं खाद्य निरीक्षक विभाग से संबंधित समस्त कार्यों का संपादन करेंगे।

### सलाहकार समिति के सदस्य बने कृष्णकांत व शंभू




**दंतेवाड़ा/गीदम।** केन्द्रीय युवा मामले और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर द्वारा सामाजिक सेवा, युवा कार्य, शिक्षा, संस्कृति के क्षेत्र से प्रतिष्ठित व्यक्तित्व के श्रेणी के अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र संगठन के युवा कार्यक्रम के लिए जिला सलाहकार समिति के सदस्य के रूप में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा जिला महामंत्री कृष्णकांत शिवहरे व शंभू यादव को नामित किया गया है। डीएसीवायपी के नामांकित सदस्य के रूप में कृष्णकांत व शंभू को दंतेवाड़ा जिले में युवा विकास से संबंधित महत्वपूर्ण मामलों पर मार्गदर्शन, सलाह और नए दृष्टिकोण प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। कृष्णकांत व शंभू ने बताया कि युवा लोगों के जीवन में सार्थक योगदान देने और समुदाय में युवा कार्यक्रमों के भविष्य को आकार देने का एक अनूठा अवसर प्रदान हुआ है। अधिक से अधिक युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में स्वयंसेवी कार्यक्रमों और अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रमों से जोड़ने तथा नये अवसर प्रदान करने हेतु प्रयासरत रहेंगे।

### पोर्टल में आए समस्याओं का त्वरित निराकरण करें : चतुर्वेदी

**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। समय सीमा की बैठक में जिला कलेक्टर ने सर्वप्रथम पीएम सीएम पोर्टल में आए समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जल्द से जल्द समस्याओं का निराकरण करें। साथ ही क्षेत्रीय खानपान को बढ़ावा देने के लिए शासकीय विश्राम घरों में स्थानीय प्राथमिकताओं को रखने के निर्देश दिए। साथ ही जिला प्रशासन द्वारा जारी मोबाइल नंबर पर आ रहे समस्याओं पर जल्द प्रतिक्रिया देने को कहा। उन्होंने कहा कि किसी भी विभाग या कार्यालय में कोई भी नस्ती लंबित न हो उसे तत्काल निराकरण करें। इसके साथ ही स्वांवलंबन योजना के तहत छोटी-छोटी दुकानें बनाकर हितग्राहियों को लाभान्वित करें।

## केरल से आए वाद्य कलाकारों ने किया चेण्डामेलम आयोजन


# 37 वां वार्षिक महोत्सव पर हुई पूजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

शहर के वृंदावन कालोनी में स्थित श्री अय्यप्पा मंदिर के 37 वां वार्षिक महोत्सव पर बुधवार की सुबह से पल्ली उणतर्ल, निर्माल्य दर्शन, अभिषेक, गणपति होम, ऊषा पूजा, एतिर्थ पूजा, पंदीराडी पूजा, भुतबली, कलश पूजा, नवकर्म पंच गण्यम, कलशाभिषेकम आदि आयोजित किया। इसके पश्चात श्री गणेश पूजा, अन्नपूर्णेश्वरी पूजा एवं दुर्गा देवी पूजा का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहकर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किए। शाम को दीपाराधना, भगवती सेवा, नैवेद्य, भुतबली विल्लक का आयोजन किया गया। उसके पश्चात रात्रि में केरल से आए वाद्य कलाकारों द्वारा चेण्डामेलम का आयोजन किया गया।

### राम व हनुमान पूजा आज

बताया जा रहा है कि एक फरवरी को नियमित पूजा के अलावा श्री राम पूजा एवं श्री हनुमान पूजा का आयोजन रखा गया है। अय्यप्पा मंदिर में प्रतिदिन विशेष पूजा में अष्ट द्रव्य गणपति होम, शनि दोष निवारण पूजा, मृत्युंजय होम, महासुदर्शन होम, नवग्रह पूजा, सर्व एश्वर्य पूजा, उमामहेश्वरी पूजा, धन्वंतरी पूजा एवं भगवती सेवा पूजा का आयोजन किया जाता है।




## सर्वआदिवासी समाज का होगा पुनर्गठन



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भोपालपटनम

सर्वआदिवासी समाज बीजापुर के कार्यकारिणी का कार्यकाल 3 वर्ष का है, जो आज से 5 माह पूर्व पूर्ण हो चुका है। किन्तु विधान सभा चुनाव के कारण सामाजिक संगठन का पुनर्गठन नहीं हो सका था। जिसके सम्बन्ध में गत रविवार को जिला सर्वआदिवासी समाज की बैठक प्रकाश नेताम की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें जिले में निवासरत आदिवासी समाज गोंड, मुरिया, परधान, हल्बा, दोरला, भतरा, कंवर, उरांव, कुड़क उरांव समेत समाज के सैंकड़ों लोग शामिल हुए। बैठक में सर्व सहमति से निर्णय लेकर बीजापुर जिले की सर्व आदिवासी समाज की कार्यकारिणी को भंग कर दिया गया है। सामाजिक संगठन के पुनर्गठन की प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए 4 फरवरी की तिथि तय की गई है।

बैठक में प्रकाश नेताम, बीएल पदमाकर, बीआर पुजारी, चन्द्रैया सकनी, नरेन्द्र बुरका, जमुना सकनी, अशोक तलाण्डी, भानुप्रताप चिड़ियम, हरिकृष्णा कोरसा, अमित कोरसा, पाण्डू तेलाम, राकेश गिरी, सुभाष कुड़ियम, बीएल पुजारी, महेन्द्र राना, सुकुलसाय तेलाम, कंडिक नारायण, भोलाराम अमान, जगबन्धु मांझी, हरिहर साहनी, कुंवर सिंह मज्जी, शिवकुमार पुनेम, अरुण कुमार सकनी, ककेम नारायण, अनसुर्या तालाण्डी, अनील बुरका, कामेश्वर दुब्बा सहित जिले भर के सैंकड़ों पुरुष, महिला व युवा उपस्थित रहे।

## जिला जेल का निरीक्षण करने पहुंचे कलेक्टर, सुनी कैदियों की अर्जी



हरिभूमि न्यूज ▸▸| दंतेवाड़ा

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने आज जिला जेल दंतेवाड़ा का निरीक्षण किया। इस दौरान जेल के लाइब्रेरी का मुआयना करते हुए लाइब्रेरी में ज्ञानवर्धक और मनोरंजन पुस्तकें उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। कैदियों के मनोस्थिति और कौशल को ध्यान में रखते हुए 15 दिवसीय पेंटिंग सीखाने की कार्ययोजना तैयार करने के संबंध में संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। इसके साथ ही जेल में कैदियों के अर्जी पर जेल में खेल सामग्री, वाद्ययंत्र, टीवी की व्यवस्था तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। चतुर्वेदी ने कैदियों को मिलने वाले भोजन का अवलोकन करते हुए बंदियों के स्वास्थ्य पर चर्चा कर आवश्यकतानुसार दवाइयां उपलब्ध कराने को कहा। इस बीच जिला कलेक्टर विचाराधीन बंदियों से मुलाकात कर जेल में रहने के दौरान होने वाली समस्याओं से अवगत हुए। बंदियों ने कलेक्टर के समक्ष अपनी समस्याओं को रखते हुए वकील सुविधा दिलाने की अपील की। विगत दिनों से जिला जेल में चल रहे कौशल विकास कार्यक्रम में भाग लिए बंदियों को प्रमाण पत्र कलेक्टर द्वारा वितरित किया गया। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी जयंत नाहटा, जेल अधीक्षक जीएस सोरी उपस्थित थे।

■ ज्ञानवर्धक किताबें, टीवी, वाद्य यंत्र उपलब्ध कराने दिया आश्वासन

## मां शंखनी महिला उत्थान केंद्र में हुआ मातृशक्ति सम्मेलन




हरिभूमि न्यूज ▸▸| गीदम

मां शंखनी महिला उत्थान केंद्र हीरानार में आज मातृशक्ति सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें बस्तर संभाग के सभी जिलों से बड़ी संख्या में महिलाओं ने हिस्सा लिया। वार्षिक सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक चैतराम अटामी, विशिष्ट अतिथि स्वामी विशुद्धानंद सरस्वती व जिला पंचायत सदस्य रामू नेताम मौजूद थे। बस्तर जैसे नक्सल प्रभावित व पिछड़े हुए इलाके में समाज सेवा के क्षेत्र में आगे आने वाली महिलाओं में सबसे पहला नाम डॉ बुधरी ताती का है। जिन्होंने अपना पूरा जीवन बच्चियों, महिलाओं के उत्थान व बुजुर्गों की सेवा में समर्पित कर दिया। वे विगत 35 साल से इस दिशा में सक्रिय है। डॉ बुधरी ताती ने महिला होने के बावजूद इंद्रावती नदी के दूसरी तरफ स्थित अबूझमाड़ इलाके में भी महिलाओं को सिलाई का प्रशिक्षण दिया और बच्चियों को शिक्षित किया।

### महिलाओं को बनाया आत्मनिर्भर

डॉ बुधरी ताती को विभिन्न राज्यों व संगठनों से कई पुरस्कार व सम्मान मिल चुके हैं। छत्तीसगढ़ शासन भी उन्हें वीरनी पुरस्कार से अलंकृत कर चुका है। पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्व विद्यालय बिलासपुर उन्हें पीएचडी की मानद उपाधि से सम्मानित कर चुका है। दंतेवाड़ा जिले के गीदम ब्लाक के हीरानार गांव के आदिवासी परिवार में जन्मी डॉ बुधरी ताती ने अब तक हजारों महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया है। जिनमें कुछ सिलाई के क्षेत्र में, कुछ शिक्षिका व नर्स बनकर समाज में सेवाएं दे रही है। डॉ बुधरी ताती ने अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम से जुड़कर हीरानार में मां शंखनी महिला उत्थान केंद्र शुरू किया, जो विगत कई वर्षों से लगातार संचालित है।

## समाज के सर्वांगीण विकास के लिए कई निर्णय

## आंध्रा समाज एसोसिएशन की हुई पहली बैठक



हरिभूमि न्यूज ▸▸| सुकमा

सुकमा जिला आंध्रा समाज एसोसिएशन का गठन हाल ही में सम्पन्न हुआ। समाज के पंजीयन की प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात पहली बैठक जिला मुख्यालय स्थित श्री राम मंदिर परिसर में समाज के अध्यक्ष पी विजय की अध्यक्षता में आज सम्पन्न हुई। समाज के अध्यक्ष पी विजय ने बताया कि सुकमा में सभी समाज के सामाजिक संगठन है, किन्तु सुकमा जिला में आंध्रा तेलुगु समाज का जिला स्तर पर कोई संगठन नही होने से समाज को संगठित होने में कई समस्याएं सामने आ रही थी। इस बात को दृष्टिगत रखते हुए सुकमा जिला आंध्रा समाज का पंजीयन करवाया गया। पी विजय ने बताया कि सुकमा जिला के तीनों विकासखंडों में 1400 से अधिक तेलुगु समाज के परिवार निवासरत है। जिले के समस्त तेलुगु समाज को एक जुट करने के लिए ही आंध्रा समाज एसोसिएशन का गठन किया गया है। समाज के गठन के पश्चात आयोजित आज की पहली बैठक में समाज के सर्वांगीण विकास और उत्थान के लिये आवश्यक कार्ययोजना बनाकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गये। केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी को मिले, इस विषय पर चर्चा करते हुए सभी परिवारों को समाज के संगठन से जुड़ने के लिए बैठक में सदस्यता अभियान चलाया जायेगा। इस अवसर पर नरसिम्हा राव, पी नारायण राव, रामकृष्ण राजू गारु, नरसिम्हा, रवि कुमार, नागराजू, प्रसाद, सुरेश गारू, कृष्णम राजू एवं एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी और सदस्यगण मौजूद रहे।

## छग ओलंपिक के विजयी प्रतिभागियों को किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भोपालपटनम



भोपालपटनम जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत बामनपुर में राजीव युवा मितान क्लब छत्तीसगढ़ ओलंपिक खेल 2023 के तहत पुरस्कारों का वितरण गत दिवस किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कमलेश कारम जिपं उपाध्यक्ष व अध्यक्ष बसंत राव ताटी जिपं सदस्य भोपालपटनम रहे। इनके अलावा विशिष्ट अतिथि भी उपस्थित थे। ग्राम के सरपंच सरिता मिचा, उप सरपंच एवं ग्राम प्रमुखों के द्वारा मुख्यातिथि एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष विशिष्ट अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत सम्मान किया गया। तत्पश्चात पुरस्कार वितरण कार्यक्रम किया गया। युवा मितान क्लब के अंतर्गत विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया था। जिसके विजयी प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदाय किया गया। इस अवसर पर बामनपुर पंचायत के आश्रित गांवों के पटेल, पेरमा, गायता, पुजारी, गांव के प्रमुख और युवाओं को शाल श्रीफल देकर सम्मान किया गया। विशेष कर मितानिन एवं आंगनबाड़ी सहायिकाओं को गांव के सरपंच एवं उपसरपंच के हाथों से शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में कामेश्वर राव गौतम, शालिक राम नागवंशी, अल्वा मदनैया, मिच्चा मुतैया, अफजल खान, यालम राम मूर्ति समेत अन्य जन मौजदू रहे। इस आयोजन को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष मिच्चा समैया, उपाध्यक्ष शंकर मट्टी एवं युवाओं का सराहनीय योगदान रहा।

## इंटक ने मनाई महात्मा गांधी की पुण्यतिथि



**किरंदुल।** इंटक ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि एमएमडब्ल्यूयू श्रम संघ के समक्ष निर्मित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति को माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर मनाई। इस दौरान 2 मिनट का मौन रखा गया तथा राष्ट्र पिता महात्मा गांधी के त्याग, तपस्या, आजादी के आंदोलन में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला गया। इस दौरान श्रम संघ सदस्यों के साथ नगर परिवार भी बड़ी संख्या में मौजूद थे। वक्ताओं ने गांधी जी के आदर्शों को जीवन में अपनाने पर जोर दिया तथा महात्मा गांधी अमर रहे के नारों से परिसर को गुंजायमान कर दिया। कार्यक्रम विनोद कश्यप अध्यक्ष इंटक के अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर अरविंद गुप्ता, त्रिलोक बांधे, नथेला राम नेताम, बिजी प्रदीप, जी.रवि, राकेश लाल, सादब जिलानी, पतिराम, एमके मल्लाह, धर्मेंद्र कुमार सोनी, बी. लोहिदास, इमरान सिद्दीकी, संजय सिंह, अगेश्वर साहू, नागनाथ, बंता टांडी, सुनील कुमार नाग, भरत लाल बघेल, ढाल सिंह, सम्पत राम साहू, कोमल साहू समेत अन्य मौजूद रहे।

## गांधी के पुण्यतिथि पर निकाली नशामुक्ति जागरूकता रैली




**दंतेवाड़ा।** जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में छत्तीसगढ़ शासन समाज कल्याण विभाग के द्वारा 30 जनवरी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर नशा मुक्ति दिवस आयोजित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम हुए। जिसमें जन मानस में तम्बाकू, बीड़ी एवं मद्यपान से होने वाली नशा दुष्परिणामों के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। इसके अलावा जिले में लगभग 700 लोगों से संकल्प पत्र एवं शपथ दिलाया गया। जिले के ग्राम पंचायत फरसपाल, कुण्डेनार, कटेकल्याण, कारली, टेकनार में रैली निकाली गई तथा जिला स्तर पर आंवराभाटा स्थित स्वामी आत्मानंद हाई स्कूल के 200 छात्र-छात्राओं के द्वारा वृहद रैली निकालकर एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से जन जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर उप संचालक संतोष टोप्पो, फुलेश सोरी, संतोष रवानी, किरण एक्का, लिलिमंजू टोप्पो, कमल कर्मकार सहित अन्य कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## दुर्दशा पर किसी भी दल व जनप्रतिनिधि का ध्यान नहीं

# मुक्तिधाम में अव्यवस्थाओं का आलम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बचेली




लौहनगरी बचेली व किरंदुल के मध्य ग्राम पाड़ापुर में एक मात्र मुक्तिधाम है। जिसका उपयोग पूरे बैलाडीला क्षेत्र के नगर वासी करते हैं। बावजूद इस एक मात्र मुक्तिधाम में अव्यवस्थाओं का अंबार है, इस ओर किसी दल ना ही किसी जनप्रतिनिधि का ध्यान है।

लोगों की मृत्यु के पश्चात अंतिम संस्कार करने मुक्तिधाम लेकर जाने वाली सड़क भी जिम्मेदारों की लापरवाही से खुद की दुर्दशा पर रो रहीं हैं। लेकिन किसी जनप्रतिनिधि, समाजसेवी या दल द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। दाह संस्कार व शव यात्रा में शामिल होने वाले लोगों को आये दिन परेशानियों का सामना करना पड़ता है। शव वाहन भी हिचकोले खाते हुए ही निकलते है। तमाम सुविधाओं की कमी के साथ-साथ बिजली, पानी, सुरक्षा का भी अभाव है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐसी ही स्थिति रही तो आगामी समय में दाह संस्कार करना बेहद चुनौती पूर्ण व मुश्किल हो जाएगा।

मुक्तिधाम पर पेयजल की कोई व्यवस्था नहीं है और लोगों को पीने के पानी के लिए तरसना पड़ता है। मजबूरन मिनरल वाटर बॉटल व पाउच मंगवाए जाते हैं, लेकिन गरीब तबके के लोगों के लिए मुसीबत बन जाती है। वही हिंदू मान्यताओं के अनुसार मुक्तिधाम को एक पवित्र स्थल माना जाता है। लेकिन इस मुक्तिधाम की बात करें तो यहां, न तो कोई चारदीवारी है और ना ही मुक्तिधाम के नाम पर कोई भी सुविधाएं।

## राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न से सम्मानित हुए उमाशंकर



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भोण्ड

विकासखंड बस्तर में कार्यरत शिक्षक उमाशंकर साहू को राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान से गत दिवस सम्मानित किया गया। शिक्षक उमाशंकर साहू को प्राथमिक शाला मावलीगुड़ा में सामाजिक सहभागिता के उद्देश्य से सम्बंधित नवाचार, विज्ञान के रोचक प्रयोगों एवं विभिन्न सहायक सामग्री का निर्माण व उपयोग करने के लिए राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान मुख्य अतिथि एम सुधीश सहायक संचालक समग्र शिक्षा, विशिष्ट अतिथि हिमांशु भारती डीईओ रायपुर, अध्यक्षता संजीव सूर्यवंशी संयोजक राष्ट्रीय नवाचारी गतिविधियां समूह एवं डीएमसी डीएस पटले के हाथों दिया गया। इस सम्मान के लिए बीईओ बस्तर अरुण देवांगन, बीआरसी राजेन्द्र ठाकुर, एमडीएम नोडल प्रभारी शैलेन्द्र तिवारी समेत अन्य ने बधाई दी है।

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड जिला बस्तर छ.ग.

रा.प्र.क्र. 207/ब-121/2023-24

// उद्घोषणा //

इस उद्घोषणा के जरिये आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक डालिमधर नेताम पिता स्व. लैखन जाति भतरा ग्राम सतोषा तहसील करपावण्ड जिला बस्तर द्वारा आवेदक स्वयं अथवा अपने दादी मां स्व. मनकी w/o स्व. बुधराम निवासी ग्राम सतोषा तहसील बकावंड जिला बस्तर छ.ग. का मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु आवेदन पेश किया गया है।

अतः आवेदक के दादी मां स्व. मनकी w/o स्व. बुधराम दिनांक 10/09/2008 को मृत्यु हुई है। आवेदक डालिमधर नेताम पिता स्व. लैखन जाति भतरा ग्राम सतोषा तहसील करपावण्ड जिला बस्तर आवेदक स्वयं अथवा आवेदक के दादी मां स्व. मनकी का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किए जाने पर यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के मार्फत प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 31/01/2024 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत पेशी तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 15/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावंड जिला बस्तर

## खबर संक्षेप

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने शोक व्यक्त किया



**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने बीजापुर-सुकमा सीमा पर जोनागुड़ा और अलीगुड़ा के पास नक्सलियों के साथ हुई गोलीबारी में तीन जवानों के शहीद होने पर गहन शोक व्यक्त किया है। श्री देव ने इस गोलीबारी में घायल हुए 14 जवानों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना की है। किरण सिंहदेव ने कहा ईश्वर जवानों के परिवारजन को यह दुख सहने की शक्ति दे। इस दुख की घड़ी में भाजपा परिवार उनके साथ है।

### कार्यशाला 2 को

**जगदलपुर।** भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय द्वारा पारंपरिक शिल्पकारों और कारीगरों की सहायता के लिये प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना प्रारंभ किया गया है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य कारीगरों को कौशल प्रशिक्षण, उपकरण, विपणन समर्थन एवं वित्तीय सहायता प्रदान किया जाना है। योजना के तहत 18 परंपरागत व्यवसाय जैसे बढ़ई, नाव बनाने वाला, अस्त्रकार, लोहार, लोहे के औजार निर्माता, ताला साज, सोनार, कुम्हार, मूर्तिकार, चर्मकार (जूते बनाने वाला), राज मिस्त्री, टोकरी एवं झाड़ू-चटाई एवं पैरदान बनाने वाला, खिलौना बनाने वाला, नाई, मालाकार, धोबी, दर्जी, मछली जाल निर्माण करने वाला इत्यादि को लाभान्वित किया जाना है। इस योजना के तहत उद्यम विकास ऋण एक लाख रुपये (प्रथम किश्त) व 2 लाख रुपये (द्वितीय किश्त) हितग्राहियों को 5 प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण सहायता भी उपलब्ध कराई जायेगी। योजना के प्रचार-प्रसार एवं पात्र हितग्राहियों के ऑनलाईन पंजीयन हेतु 2 फरवरी को 11 बजे से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन बस्तर चेम्बर ऑफ कॉमर्स भवन में किया गया है।

## विद्यार्थियों ने दी रोमांचक प्रस्तुति...



**जगदलपुर।** मंगलवार को एनएमडीसी संस्कार द स्मार्ट स्कूल धनपुंजी में द्वितीय वार्षिक उत्सव का आयोजन एनएसएल टाऊनशिप लॉन में धूमधाम से मनाया गया। स्कूल के द्वितीय वार्षिक उत्सव का थीम अंकुर रखा गया। इस अवसर पर 150 विद्यार्थियों ने मंच पर आकर बड़े ही रोमांचक ढंग से प्रस्तुतिकरण दिया। जिसमें विद्यार्थियों ने भिन्न-भिन्न नृत्य के अनुसार पोशाक धारण किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि एनएमडीसी स्टील प्लांट के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर के. प्रवीण कुमार एवं सीजीएम. (पर्सनल) जी. प्रियदर्शनी, विद्यालय के अध्यक्ष रतनलाल जैन, चीफ एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर नवीन भावसार, डायरेक्टर श्रीमती सुमन भावसार, प्राचार्य ऐनी पॉल, शाला एडमिन एलेक्स मैथ्यू, टाउनशिप के गणमान्य नागरिक तथा बड़ी संख्या में पालकगण उपस्थित थे।

## 13 फरवरी तक चलेगा राजस्व वसूली अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



केंद्र शासन के महत्ती योजना प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत नगर पालिका निगम के द्वारा 1 से 13 फरवरी तक शहर के 48 वार्डों में शिविर का आयोजन किया जाएगा। साथ ही इस शिविर में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के पंजीयन के साथ शहरवासी अपने घरों का समेकित कर, संपत्ति कर व अन्य कर भी शिविर के माध्यम वसूली होगा। आयुक्त हरेश मंडावी के मुताबिक 1 फरवरी से शहर के दीनदयाल उपाध्याय वार्ड में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना शिविर का शुभारंभ किया जाएगा। इसके पश्चात 2 फरवरी से 13 फरवरी तक शहर के शेष वार्डो में वार्ड के नजदीक सामुदायिक भवन, स्कूल व अन्य भवनों में शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिनका शिविर में सीएससी के माध्यम से पंजीयन करने का कार्य किया जाएगा। साथ ही इन शिविरों में समेकित एवं संपत्ति कर व अन्य करों का वासुदी भी किया जाएगा। इस योजना का मुख्य उद्देश्य कारीगरों को कौशल प्रशिक्षण, उपकरण, विपणन समर्थन एवं वित्तीय सहायता प्रदान किया जाना है। योजना के तहत 18 परंपरागत व्यवसाय जैसे बढ़ई, नाव बनाने वाला, अस्त्रकार, लोहार, लोहे के औजार निर्माता, ताला साज, सोनार, कुम्हार, मूर्तिकार, चर्मकार (जूते बनाने वाला), राज मिस्त्री, टोकरी एवं झाड़ू-चटाई एवं पैरदान बनाने वाला, खिलौना बनाने वाला, नाई, मालाकार, धोबी, दर्जी, मछली जाल निर्माण करने वाला इत्यादि को लाभन्वित किया जाना है।

## केरल के कासरगोड में बस्तर के पेंशनरों ने भरी हुंकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- मृत्यु उपरांत अनुग्रह राशि प्रदान करने एवं चिकित्सा सुविधा दिलाने उठा जोर-शोर से मांग
- छग भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ का त्रि दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन बस्तर के पेंशनर भी सम्मलित हुए



छत्तीसगढ़ पेंशनर महासंघ संगठन की ओर से शासन को सौंपे जाने वाले मांग पत्र में धारा 49 (6 ) को विलोपित करने मृत्यु उपरांत अनुग्रह राशि प्रदान करने एवम चिकित्सा सुविधा दिलाने की मांग जोर-शोर से पेंशनरों के द्वारा की गई।

मध्य प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम की धारा 49( 6 ) पेंशनरों के महंगाई राहत को वृद्धि करने के मार्ग में एक बहुत बड़ा रोड़ा है। जिसे तत्काल विलोपित किया जाना चाहिए। पहले की बात कुछ और थी, किंतु अब बदली हुई परस्थिति में डबल इंजन की सरकार है समय उपयुक्त है। संगठन को इस धारा को विलोपित कराने की दिशा में प्रभावी कदम उठाना चाहिए।

उक्त बातें भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के त्रि दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन के समापन के दौरान बस्तर संभाग के अध्यक्ष राम नारायण ताटी ने कही। मीडिया को जारी बयान में ताटी ने कहा कि विगत 23 वर्षों से छग व मप्र के पेंशनर इस धारा से पीड़ित हैं, अब विलोपित कराने में जरा भी देरी नहीं की जानी चाहिए। केरल प्रांत के कासरगोड में 28 से 30 जनवरी तक भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ का राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजित किया गया था, जो सफलता पूर्वक संपन्न हो गया है। उक्त अधिवेशन में बस्तर संभाग से भी कुल 23 पेंशनर्स सम्मिलित होकर अधिवेशन में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान किए।

इस अवसर पर ताटी ने नियमित कर्मचारियों की भांति पेंशनरों की भी आकस्मिक निधन होने पर पचास हजार रुपए अनुग्रह राशि प्रदान करने एवम पेंशनरों को उचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने अथवा प्रति माह मेडिकल भत्ता के रूप में 2000 पेंशन के साथ प्रदाय करने की मांग शासन को सौंपे जाने वाले मांग पत्र में शामिल करने की मांग राष्ट्रीय अध्यक्ष सी एच सुरेश एवं महामंत्री वीरेंद्र नामदेव से की। इस दौरान अन्य पेंशनरों में ओपी भट्ट, बीआर कुर्रे, शिव प्रताप सिंह ठाकु, पी एस ठाकुर, टीआर साहू, दिनेश कुमार सतमन, मीता मुखर्जी, जयमनी ठाकुर, बसंत कुमार गुप्ता, महेंद्र शर्मा, गंगाराम साहू, राधिका प्रसाद, भारत राम मंडावी, शिशुपाल सलाम, नारद सिंह कोर्राम, सुरेंद्र सिंह ठाकुर, सुखदेव कोडोपी, सत्तेसिंह कुंजाम, गेंदसिंह नेताम, जगमोहन राम बेद एवं नारायण राम नेताम शामिल हैं।

## किरन्दुल-विशाखापटनम ट्रेन में अतिरिक्त विस्टाडोम कोच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- विंटर सीजन में बंगाल,आंध्रप्रदेश व ओडिशा से ज्यादा सैलानी बस्तर पहुंच रहे
- सम्लेश्वरी और रारकेला एक्सप्रेस में भी अतिरिक्त कोच जोड़ा जा रहा




विंटर सीजन में बस्तर की प्रकृति और नैसर्गिक सुंदरता को करीब से देखने बड़ी संख्या में इन दिनों पर्यटक जगदलपुर पहुंच रहे है। खासबात है कि अब पहले की तुलना में अच्छा-खासा तादात में विदेशी सैलानी भी यहां पहुंच रहे है। जिनमे पश्चिम बंगाल, ओडिशा आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, तमिलनाडु के अधिकांश पर्यटक विशाखापटनम से यात्री ट्रेन के जरिये बस्तर सम्भाग मुख्यालय आ रहे है। पर्यटकों की बढ़ती भीड़ के मद्देनजर विशाखापटनम रेल मंडल भी यात्री सुविधा को ध्यान में रखते विशाखापटनम से किरन्दुल आने-जाने वाली पैसेंजर में विस्टाडोम के अतिरिक्त कोच की व्यवस्था किया गया है।

सैलानियों और यात्रियो की मांग को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए पूर्व तट रेल अंतर्गत विशाखापटनम रेल मंडल ने फरवरी-2024, मार्च-2024 में शुक्रवार, शनिवार, रविवार को विशाखापटनम-किरंदुल के लिए अतिरिक्त विस्टाडोम कोच जोड़ने का निर्णय लिया है। अतिरिक्त विस्टाडोम कोच ट्रेन नंबर 08551 विशाखापटनम-किरंदुल ट्रेन में 2 से 4 फरवरी 9 से 11 फरवरी तथा 16 से 18 फरवरी 23 से 25 फरवरी, 1 से 3 मार्च 8 से 10 मार्च व 15 मार्च तक जोड़ा जा रहा है। इसके अलावा प्रतीक्षा सूची कम करने अन्य ट्रेनों में भी अतिरिक्त कोच जोड़ा जा रहा है, जिसमें सम्लेश्वरी एक्सप्रेस, राउरकेला-जगदलपुर एक्सप्रेस में 1 फरवरी से 30 अप्रैल तक एक स्लीपर क्लास कोच अतिरिक्त जोड़ा जा रहा है।

## सनातनी संगठन की शक्ति पीठ में हुई बैठक

प्राण प्रतिष्ठा समारोह को भव्य बनाने दिए सुझाव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

गायत्री शक्ति पीठ के नव निर्मित परिसर में बुधवार को शहर के सनातनी संगठन के पदाधिकारियों और सदस्यों की एक बैठक हुई। इस बैठक में सभी उपस्थित जन ने प्राण प्रतिष्ठा को भव्य बनाने सहयोग व समर्थन देने की बात कही।

प्राण प्रतिष्ठा का पूरा विधान हरिद्वार शांति कुंज से आए डॉ चिन्मय पंड्या के सानिध्य में पूरा होगा। इसके लिए 4 फरवरी को दोपहर बाद कलश यात्रा निकलेगी। 5 फरवरी सुबह 8 बजे देव विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा होगी। उसके बाद आरती और फिर श्रद्धालु दर्शन और पूजन करेंगे। 6 फरवरी को प्रमुख कार्य कर्ताओं और दान दाताओं का सम्मान होगा। बैठक में विश्व हिन्दू परिषद, पतंजलि योग पीठ, सक्षम, आनंद वाहिनी, आदित्य वाहिनी, बजरंग दल सहित अन्य उपस्थित रहे।

इस दौरान लेखराम साहू, जयश्री श्रीवास्तव, आनंद राम साहू, बी वासु राव, विकास श्रीवास्तव, नीलेश ठाकुर, पीएन माथुर, प्रकाश श्रीवास्तव, राजीव निगम, गीता शर्मा, रेणु शर्मा, शारदा पटेल, बी जयराम, अनिल लुकड़, मनोज पानिग्राही, हरि साहू, ईश्वर राव, कुणाल चालीसगांवकर, गीता शुक्ला, शिखा घोष सहित अन्य मौजूद थे।

## मधुर संगीत ने श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- मड़वा, रायपुर व जगदलपुर क्षेत्र प्रतिभागियों ने कराया कमाल
- कल्याण केन्द्र में हुई दो दिवसीय सुगम संगीत व स्वरचित काव्य स्पर्धा



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज लिमिटेड, विद्युत कंपनीज उत्पादन वितरण एवं ट्रांसमिशन की ओर से शहर के गीदम रोड स्थित क्षेत्रीय प्रशासनिक भवन परिसर के कल्याण केन्द्र में दो दिवसीय सुगम संगीत एवं स्वरचित काव्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें मड़वा, रायपुर एवं जगदलपुर क्षेत्र ने कराया कमाल, मधुर संगीत ने श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया।

स्पर्धा में जगदलपुर, मड़वा, कोरबा वेस्ट, रायपुर, रायपुर सेंटर, दुर्ग एवं राजनांदगांव क्षेत्र के 40 प्रतिभागियों ने फिल्मी, गैर फिल्मी गीत, वाद्य यंत्र, काव्य कविता पाठ में कमाल किया। इसमें से फिल्मी में महिला में मड़वा क्षेत्र की दिपाली गुप्ता प्रथम, रायपुर क्षेत्र की श्रीमती मिश्रा द्वितीय, पुरूष में मड़वा क्षेत्र के संदीप भगत प्रथम, ब्रिजेश अग्रवाल द्वितीय, गैर फिल्मी के महिला में मड़वा क्षेत्र की दिपाली गुप्ता प्रथम, रायपुर क्षेत्र की डॉ. हेमलता तिवारी पाठक द्वितीय, पुरूष में मड़वा क्षेत्र के सतीश कुमार यदु प्रथम, रायपुर क्षेत्र के पी श्रीधर द्वितीय, वाद्य यंत्र के महिला में मड़वा क्षेत्र की दिपाली गुप्ता प्रथम, राखी तंबोली द्वितीय, पुरूष में रायपुर क्षेत्र के एनके दीवान प्रथम, मड़वा के सतीश कुमार यदु द्वितीय, ताल वाद्य यंत्र में मड़वा क्षेत्र के विकेश प्रथम, जगदलपुर क्षेत्र के योगेश कुमार ध्रुव द्वितीय, स्वरचित काव्य पाठ में महिला में मड़वा क्षेत्र की रमा पांडे प्रथम, रायपुर सेंटर क्षेत्र की प्रीति साहू द्वितीय, पुरूष में मड़वा क्षेत्र के अजय कुमार साहू प्रथम एवं ओम प्रकाश द्वितीय रहे। स्पर्धा के निर्णायक दिलीप पांडे, देवशरण तिवारी एवं योगेन्द्र मोतीवाला रहे। दोनों दिन स्पर्धा में ईडी सहित अधीक्षण अभियंता एसएस पांडव, तरूण दीवाकर, कार्यपालन अभियंता एनके पोयाम, दिलीप कुमार सैनी, सलीम खान, सहायक अभियंता थानसिंह उईके, गणेश्वर ध्रुव, विनोद टंडन आदि अधिकारी, कर्मचारी शामिल रहे।

### संगीत विश्राम तनाव पर प्रभावी

विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक एसके ठाकुर ने बताया कि उत्साहित संगीत जीवन के बारे में अधिक आशावादी और सकारात्मक महसूस करा सकता है। साथ ही संगीत विश्राम और तनाव प्रबंधन के लिए प्रभावी है।

## मोदी, शाह व नड्डा ने किरण देव के पितृशोक पर जताई संवेदना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रसाद नड्डा ने छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व जगदलपुर के विधायक किरण सिंह देव के पिता स्व. लक्ष्मी नारायण सिंह देव के निधन पर किरण देव को पत्र लिखकर संवेदना जताई। प्रधानमंत्री ने पत्र में कहा कि आपके पिता स्व .कुमार लक्ष्मी नारायण देव के निधन का दुःखद समाचार प्राप्त हुआ। समाचार सुनकर मन व्यथित एवं हृदय मर्माहत है। पिता के चले जाने पर जीवन में आई रिक्तता को शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता है। आपके परिवार पर आए इस दुःख एवं आत्मीय के निधन पर मैं गहरी संवेदना और शोक व्यक्त करता हूं।

## बिजली मामले में ठगों से सतर्क रहे उपभोक्ता : ईडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक एसके ठाकुर ने उपभोक्ताओं से कहा कि विद्युत उपभोक्ताओं को फोन करके कस्टमर आईडी अपडेट नहीं कराने पर घर की बिजली काटने की बात करते हैं, ऐसे ठगों से उपभोक्ता सतर्क रहें। उन्होंने बताया कि हाल ही में डॉ. पंकज किशोर मिश्रा को मोबाइल पर फोन करके कस्टमर आईडी अपडेट न कराने पर उनके घर की बिजली काटने की बात कही गई। उन्हें 10 रुपए इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान करने कहा गया। पुलिस ने बताया कि रुपए ट्रांसफर करने पर उनका मोबाइल फोन हैक कर लिया गया और बैंक खाते से 50 हजार रुपए निकलने का मैसेज उनके मोबाइल पर आया।

### अहिंसा उत्सव सम्मान एवं समापन समारोह आज

**जगदलपुर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के अहिंसावादी सिद्धांतों को आगे बढ़ाने पिछले 6 वर्षों से महाराष्ट्र के वर्धा स्थित सेवाग्राम गांधी आश्रम में अहिंसा के रास्ते शिविर आयोजित की जा रही है, इस सामाजिक शिविर के सफलतापूर्वक 6 वर्ष पूर्ण होने का जश्न अहिंसा उत्सव सप्ताह के रूप में आगामी 25 जनवरी से 31 जनवरी तक देशभर में अनेकों रचनात्मक आयोजन कर मनाया। अहिंसा उत्सव सप्ताह में आप सभी ने प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जिसके लिए हम सदैव आपके आभारी रहेंगे,अब समय आ गया है कि इस प्रथम अहिंसा उत्सव सप्ताह का समापन भी हम बड़े ही हर्षोल्लास से करें और आने वाले वर्ष में भी अहिंसा उत्सव सप्ताह मनाने की प्रतिज्ञा लें। अहिंसा उत्सव सप्ताह का सम्मान एवं समापन समारोह का आयोजन हमने 1 फरवरी को राजीव भवन प्रांगण में रखा गया है।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका 22 को करेंगी जंगी प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

22 फरवरी को सभी जिला मुख्यालय में प्रदेश के एक लाख आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका ऐतिहासिक रैली निकालेगी। कलेक्टर कार्यालय के समक्ष करेंगे जंगी प्रदर्शन और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेगे। आंगनबाड़ी महिला कार्यकर्ता एवं सहायिका संघ की जिला उपाध्यक्ष वन्दना दास ने बताया कि देश में आईसीडीएस की स्थापना को लगभग 50 वर्ष होने को जा रहा है लेकिन आंगनबाड़ी केन्द्रों में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाएं जो देश में लगभग 26 लाख की संख्या में हैं और ये सभी महिला है, लेकिन आज आज भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं, इन्हें 50 वर्षों में कार्यकर्ता की 4500 और सहायिका को इसके ठीक आधा 2250 केन्द्र सरकार से मानदेय मिल रहा है जिसे किसी भी स्थिति में जीने लायक वेतन नहीं मिल रहा है, काम में जाने का समय है, लेकिन वापस कब आयेंगे उसका कोई ठिकाना नहीं, बिमार होने पर अवकाश की सुविधा नहीं है इलाज के समय का मानदेय काटो, बेटी के हाथ पिला करना है तो मानदेय कटवाओ, पति बिमार है सेवा करनी है तो मानदेय कटवाओ महज 2250 रूपये में बहुद्देशीय कार्यकर्ता की तरह सभी विभागों का काम करने वाली नारी शक्ति को जब दाम देने की बारी आती है तो कहा जाता है कि तुम तो समाज सेविका हो शासकीय कर्मचारी नहीं हो और जब काम लेने और दण्ड देने की बात आती तो शासकीय कर्मचारी से ज्यादा जिम्मेदारी थोपी जाती है।

### पूर्व विधायक जैन ने न्याय यात्रा के लिए दिए 67 हजार

**जगदलपुर।** बुधवार को जगदलपुर के पूर्व विधायक व संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के लिए 67 हजार रुपए डोनेट किए। उन्होने समस्त शुभचिंतकों, कांग्रेस परिवार के सदस्यों, पदाधिकारियों व आम जनता से वेबसाइट के द्वारा रकम डोनेट करने की बात दोहराई है। कुछ दिन पहले ही न्याय यात्रा के निमित्त पार्टी के प्रमुख नेताओं ने आम लोगों से इस आंदोलन से जुड़ने व आवश्यक राशि डोनेट करने नाम से वेबसाइट लांच करने के साथ यह मांग की गई थी। बुधवार को श्री जैन ने 67 हजार की रकम भेजने के साथ आम लोगों को अभियान से जोड़ने के साथ आवश्यक सहयोग करने की मुहिम प्रारंभ करने की बात कही है। राहुल की न्याय यात्रा से घबराई भाजपापूर्व विधायक रेखचंद जैन ने कहा है कि राहुल गांधी की न्याय यात्रा को गैर कांग्रेस राज्यों में जिस प्रकार का प्रतिसाद मिल रहा है, उससे भाजपा घबरा गई है।

